Regarding condition of Mau Railway Station

श्री राजीव राय (घोसी) : सभापति महोदया, जब से मैं चुन कर आया हूं, तब से मैं अपने संसदीय क्षेत्र की रेल समस्याओं की तरफ सरकार का ध्यान लगातार आकर्षित करा रहा हूं । हमारे यहां रेल की सुविधाएं नहीं हैं । हम सब जितने भी सांसद यहां चुन कर आते हैं, चाहे वे इस पक्ष से हों या उस पक्ष से हों, उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने क्षेत्र की समस्याओं की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट कराएं । अगर कोई सांसद यह समझता है कि उनके यहां सब कुछ का विकास हो गया है तो वह इस्तीफा दे सकता है । मैं बड़ी पीड़ा से यह बात कह रहा हूं । माननीय रेल मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं । मैं चाहूंगा कि माननीय रेल मंत्री जी हमारी बातों की तरफ ध्यान दें ।

महोदया, पिछली बार मैंने यहां पर रेल बजट पर बोला था । अगर रेल मंत्री जी सुनते तो अच्छा होता । अभी वह व्यस्त है । मैंने यहां रेल बजट पर इस उम्मीद से बोला था कि रेल मंत्री जी हमारी बातों का संज्ञान लेंगे । मैं उनको लगातार पत्र लिख रहा हूं । आज भी हमारे यहां से किसी ट्रेन की सुविधा नहीं है ।

महोदया, सरकार से यह अपेक्षा की जाती है कि हम सभी सांसद यहां पर जो सवाल उठाते हैं, उसका क्रियान्वयन करके कुछ सुधार किया जाए । इसके लिए मुझे उम्मीद है । मैंने कहा था कि आपसे मुझे भरोसा है, उम्मीद है, तभी मैं आपसे बराबर गुहार लगा रहा हूं ।

महोदया, रिस्पॉन्स किया गया था । अगले दिन ही 100 लोगों के समूह के साथ प्लेटफार्म पर भेज दिया जाता है । जो व्यक्ति किसी संवैधानिक पद पर नहीं है, जिनको घोसी की जनता ने ऐतिहासिक मतों से हराया है, रेलवे के अधिकारी उसी व्यक्ति से इंस्पेक्शन करवाते हैं । रेलवे प्लेटफार्म पर खड़े होकर प्रेस कांफ्रेंस करके सांसद की निंदा की जाती है कि सांसद ने सवाल क्यों उठाया । मैंने इस विषय को रेल मंत्री जी के संज्ञान में भी लाया है । अगर सरकार का यह व्यवहार है कि कोई सांसद सवाल उठाएगा तो हम रेलवे स्टेशन पर अपने लोगों को भेज कर प्रेस कॉंफ्रेंस करवाएंगे, कंडेम करवाएंगे तो यह घोर निंदनीय है । मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि वह हमारी समस्याओं का समाधान करे । जिन अधिकारियों ने गैर कानूनी ढंग से अवांछनीय व्यक्ति से रेलवे प्लेटफार्म पर प्रेस कॉंफ्रेंस करवाई, रेलवे का इंस्पेक्शन करवाया, उनके खिलाफ रेल मंत्रालय कार्रवाई करे और इस सदन को सूचित करे । मैं इसकी घोर निंदा करता हूं ।